सरस्वति नमस्तुभ्यं
वरदे कामरूपिणि।
विद्यारम्भं करिष्यामि
सिद्धिर्भवतु मे सदा।।

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक151 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 20 फरवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# नाथ का भाजपा प्रेम, संकट में राजनैतिक कार्यकर्त्ता

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने हाल ही में कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और उसके बाद मीडिया में तेजी से यह खबर चलने लगी थी कि कमलनाथ बीजेपी में अपने सांसद पुत्र नकुलनाथ एवं अनेक विधायकों के साथ शामिल हो रहे है। शनिवार को दिन भर अटकल बाजियाँ चलती रही फिर रविवार को भी इसी प्रकार की अटकले चलते रही। कमलनाथ के बहुत करीबी नेताओं ने अति उत्साह में अनेक तरह की बयानबाजियाँ कर दी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को कोसना भी प्रारंभ कर दिया। कांग्रेस में कमलनाथ समर्थक नेताओं ने सोशल मीडिया एकाउंट की डीपी बदल दी कमलनाथ सहित अनेक नेताओं के यहाँ भगवा झंडे लहराने लगे परंतु कमलनाथ ने चल रही अटकलों का कोई खंडन नहीं किया। यहाँ तक की कमलनाथ के बहुत करीबी माने जाने वाले सज्जन सिंह वर्मा ने भी अपने प्रारंभिक बयान में कहा कि जहाँ कमलनाथ रहेंगे वहाँ हम रहेंगे और उनका सीधा अर्थ था कि कमलनाथ यदि भाजपा में जा रहे है तो वे भी उनके साथ भाजपा ज्वाईन करेंगे। छिंदवाड़ा जिले से निर्वाचित कांग्रेस के विधायक भी कमलनाथ के साथ



रहने की बायनबाजी करते रहे। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को उस समय और बल मिल गया जब उनके बेटे सांसद नकुलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ऐ स पर अपनी बायो से कांग्रेस को हटा दिया था. यही नहीं कमलनाथ अपने सभी कार्यक्रमों को रद्द कर बेटे नकुलनाथ के साथ राजधानी दिल्ली पहुंच गए थे. यहां उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत में बीजेपी में जाने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया था. इस दौरान उन्होंने केवल इतना ही कहा था कि ऐसा करने से पहले वह उनको सूचित कर देंगे।

### *भाजपा के अनेक नेता भी विरोध में*

पहले खबर थी कि कमलनाथ 18 फरवरी को भाजपा ज्वाईन करेंगे फिर खबर चली कि 19 को भाजपा में शामिल होंगे कुछ मीडिया प्लेटफार्म तो एक दो घंटे में कमलनाथ भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से भेंट कर भाजपा में शामिल हो रहे है और उनके साथ अनेक विधायक, कांग्रेस के कद्दावर नेता, निकायों के प्रतिनिधि, अनेक जिला के कांग्रेस पदाधिकारी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस प्रकार की पूरी अटकलों के बावजूद न तो कमलनाथ की ओर से कोई जबाव दिया जा रहा था, न ही भाजपा नेतृत्व इस विषय पर कोई प्रतिक्रिया दे रहा था। हलांकि कांग्रेस के कमलनाथ समर्थक नेता पार्टी अनुशासन के विपरीत बयानबाजी कर कमलनाथ के प्रबल समर्थक होने का संदेश देते रहे तो वहीं भाजपा की ओर भी अनेक नेता पार्टी शीर्ष नेतृत्व की मंशा के विपरीत कुछ कमलनाथ के भाजपा शामिल होने पर नाराजगी व्यक्त कर रहे थे तो कुछ उनके भाजपा में होने के खबर का स्वागत करते रहे। वहीं कांग्रेस नेतृत्व की प्रतिक्रिया भी कमलनाथ को लेकर अनेक तरह से आती रही।

### रहेंगे तो कांग्रेस में ही

राजनैतिक बड़ी खबर के रूप में मीडिया की सुर्खियों में रही इस खबर को दो दिन के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने विराम देते हुये साफ कर दिया है कि वो बीजेपी में नहीं जाएंगे. हालांकि यह बात अभी भी कही जा रही है कि उनके बेटे सांसद नकुलनाथ और कुछ विधायक बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने पार्टी में रहने का ही फैसला लिया है और कहा जा रहा कि कमलनाथ का यह फैसला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से बात करने के बाद आया है। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, दिग्विजय सिंह और सज्जन वर्मा जैसे नेता पहले ही कमलनाथ की बीजेपी में जाने की अटकलों को खारिज कर चुके हैं। इस क्रम में पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने रविवार को राजधानी दिल्ली में कमलनाथ से मुलाकात भी की थी और उसके बाद प्रेस से चर्चा करते हुये श्री वर्मा ने कहा था कि

उनकी कमलनाथ से कुछ बिंदुओं पर बातचीत हुए है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भी कमलनाथ से बात हुई हैं. श्री वर्मा ने कहा था कि मैं पिछले चार दशकों से कमलनाथ के साथ काम कर रहा हूं. इसलिए जहां कमल होंगे, मैं भी वहीं रहूंगा. इस दौरान सज्जन वर्मा ने कहा कि कमलनाथ कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। वह कल भी कांग्रेस में थे, आज भी हैं और कल भी कांग्रेस में ही रहेंगे. हालांकि परसों की उनको खबर नहीं कि या होगा. उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवरी से उनकी कोई नाराजगी नहीं है. जीतू पटवारी को उन्होंने अपना ही बच्चा बताया।

## इतना आसान नहीं उनका आना, और उनको लाना

यह पूरी तरह से स्पष्ट हो चुका है कि कमलनाथ कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के निर्णयों से नाराज है और बहुत अधिक नाराजगी का कारण वैचारिक भटकाव और टकराव भी है कांग्रेस नेतृत्व जनभावनाओं को समझने में कमजोर साबित हो रहा है एक लंबे समय से देश की भावनाओं के विपरीत कांग्रेस के निर्णयों से जनता का कांग्रेस से मोहभंग रहा है और इसके विपरीत कमलनाथ जनभावनाओं का स मान करने वाले संकेत देते रहे है परंतु कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व उनकी बातो तब्वजो नहीं दे रहा है और अनेक बार स्पष्ट भी हुआ है कि कमलनाथ कांग्रेस के निर्णयों के विपरीत जा कर जनभावनाओं का स मान करते हुये बीजेपी के निर्णयों के अनुसार जनता को कांग्रेस से जोड़े रखने का प्रयास करते हुये दिखे। राममंदिर में भव्य प्रतिमा स्थापना के दिन उनके समर्थको ने अनेक आयोजन किये। कांग्रेस के विरोध के बावजूद कमलनाथ हिंदुत्वादी नेता होने की छवि बनाने का प्रयास करते रहे है और कहा तो यह भी जाता है कि वे कांग्रेसी होने के साथ ही बजरंगबली के उपासक है वे बहुसं यक समाज की धार्मिक भावनाओं का स मान करने के पक्षधर है, जो कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि कमलनाथ कांग्रेस के निर्णयों के विपरीत है। कांग्रेस नेतृत्व और कमलनाथ के वैचारिक टकराव के साथ ही कमलनाथ की कांग्रेस द्वारा उपेक्षा होने का संदेश भी आमजनों के बीच सार्वजनिक हो चुका है।

कांग्रेस नेतृत्व द्वारा कमलनाथ की लगातार उपेक्षा से कमलनाथ बुरी तरह आहत तो हो ही रहे होंगे और उनका दर्द झलक भी रहा परंतु लगभग पचास साल से कांग्रेस की सक्रिय राजनीति में रहने वाले नौ बार सांसद और प्रदेश के मु यमंत्री रह चुके कमलनाथ के लिये कांग्रेस छोड़ देना आसान नहीं है और उनके लंबे राजनैतिक जीवन में लाखों समर्थक भी उनके साथ है उनके भविष्य को दांव भी लगाना आसान नहीं है। इसके साथ ही भाजपा उन्हें शामिल कर ले यह भी आसान नहीं है। भाजपा के में भी उनके आने की खबर से प्रतिक्रियाओं और विरोध के स्वर सुनाई दे रहे है।

इसके बावजूद भी यदि वह अपने पुत्र नकुलनाथ के साथ भाजपा में शामिल होते है तो भाजपा एवं कांग्रेस में इसका सीधा असर पड़ना तय है। उनके भाजपा में प्रवेश से राजनैतिक नजारा बदल जायेगा। चुनावी दावेदारों की स्थितियाँ बदल जायेगी तो संगठनात्मक पदों के लिये संर्घष भी बढ़ जायेगा।

# जिले में मु यमंत्री किसान मित्र योजनांतर्गत चालू किया गया पहला ट्रांसफार्मर

सिवनी यशोः- मु यमंत्री किसान मित्र योजना, जो कि किसानों के लिए लाई गई है, जिसमें ट्रांसफार्मर लगवाये जाने हेतु 50 प्रतिशत राशि की छूट दी जा रही है एवं किसानों को मात्र 50 प्रतिशत राशि जमा करने पर ट्रांसफार्मर लगाये जा रहे हैं। इस योनजा के तहत आज सिवनी जिले के सिवनी संभाग अंतर्गत ग्राम नारायणगंज में 25 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर घनश्याम बघेल पिता कुंदन लाल बघेल के खेत में लगाया गया। उल्लेखनीय है



कि कृषक द्वारा इस कार्य हेतु प्राक्कलन राशि की मात्र 50 प्रतिशत राशि का भुगतान किये जाने पर मु यमंत्री किसान मित्र योजना के अंतर्गत प्रथम ट्रांसफार्मर लगा कर चार्ज कर दिया गया है। सिवनी जिले में उपरोक्त योजनांतर्गत 310 कृषकों के यहां वरियता के आधार पर ट्रांसफार्मर लगाया जाना है, जिनमें से 10 कृषकों द्वारा राशि का भुगतान कर दिया गया है एवं उनका कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कृषक घनश्याम बघेल द्वारा ट्रांसफार्मर लगने के उपरांत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया गया कि वे मु यमंत्री किसान मित्र योजना के जिले में प्रथम हितग्राही है, मेरे द्वारा इस कार्य हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया और मुझे कार्यालय में जाकर संपर्क भी नहीं करना पड़ा। यह कार्य होने के उपरांत कृषि उत्पादन एवं मेरी आमदनी में वृद्धि होगी। यह ट्रांसफार्मर चालू करते समय एस.आर.येमदे, अधीक्षण अभियंता सिवनी, महेश कुमार साहू, कार्यपालन अभियंता निर्माण संभाग सिवनी, सुभाष राय, कार्यपालन अभियंता सिवनी एवं आशीष कुर्चे, कनिष्ठ अभियंता बंडोल, निर्माण उपसभाग सिवनी के सहायक अभियंता आशीष बघेल उपस्थित रहे।

# हर हाल में रोके अवैध उत्खनन- मु यमंत्री

भोपाल - मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विभागीय गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व गृह और खनिज विभाग की संयुक्त बैठक की जाए एवं अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। खनिजों का अवैध उत्खनन रोकने का कार्य हर हाल में किया जाए। अवैध खनन प्रकरणों में जब स त कार्रवाई की जाएगी तभी पूरी तरह नियंत्रण होगा। मु यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में प्रमुख सचिव खनिज एवं राजस्व के विभागीय प्रजेंटेशन देखने के बाद समीक्षा कर रहे थे।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख सचिव, राजस्व को जनहित में अभियान संचालित कर जन समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव श्री निकुंज श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि राजस्व महाअभियान 15 जनवरी से प्रारंभ किया गया था जो पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन की गांव चलो अभियान अंतर्गत सायकल यात्रा 21 फरवरी से होगी आरंभ


### जनसंपर्क, जनचौपाल, सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों मे सहभागिता के साथ ही रात्रि विश्राम ग्रामीण क्षेत्र मे करेंगे

सिवनी यशोः- आगामी 21 फरवरी, दिन बुधवार से सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी गांव चलो अभियान अंतर्गत सायकल यात्रा आरंभ कर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न ग्रामो का भ्रमण व जनसंपर्क करेंगे। मीडिया प्रभारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति मे बताया गया कि विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी 21 फरवरी, दिन बुधवार को प्रातः 09-30 बजे नगर के शुक्रवारी स्थित राम मंदिर मे प्रभु श्री राम जी के दर्शन व विधि विधान से पूजन उपरांत सायकल यात्रा आरंभ करेंगे। तथा गांव चलो अभियान के तहत सायकल यात्रा मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी सायकल के माध्यम से प्रतिदिन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों का दौरा करेंगे। जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा कार्यकर्ता बंधुओं के साथ श्री राम मंदिर शुक्रवारी से सायकल यात्रा आरंभ कर ग्राम डोरलीछतरपुर की ओर प्रस्थान किया जाएगा। तथा यात्रा अंतर्गत ग्राम पिपरिया, सुकवाह, गोपालगंज, बडकुमारी, लामाज्योति, गोबरवेली, मोहगांव, ढुलबजा, ऐरपा, फुलारा, चारगांव, बिनैकी, कमकासुर, जैतपुरकलां, किसनपुर, मढ़वा, हथनापुर, कन्हरगांव, जाम, रनबेली, मनौरी, मरकावाडा, झिलमिली, ऊंटेकटा, घोघरी चौक, सालीवाडा, लकवाह, बंदरिया चौक, तुलफ रैयत, खैरनरा, देवतामऊ चौक, बीजादेवरी, दल्लेटोला, भेंडकी तिराहा, माहुलपानी, बबैया, चिखली, सर्रा, ढोडा, लाठगांव, झिरी, डांगावानी, चमारीखुर्द, चमारी कलां, बंजर, इमलीपठार, सुकराटोला, ऊंटेकटा, टिघराटोला, सुखा, नयेगांव, देवगांव, छपारा, गोरखपुरकलां, झिलमिली, परासिया, बेलखेडी, खमरिया, भाजीपानी, कलारबांकी, जोगीवाडा, जेवनारामाल, ड्यूटी, छतरपुर, जटलापुर, पिंडरई, भोमा, मुण्डरई, सरेखा टोला, करकोटी, पाथरफोडी, छिन्दवर्री, चीचबंद, डुंगरिया-बडवाली टेक, आमाझिरिया आदि ग्रामों का भ्रमण करेंगे। एवं यात्रा का समापन पुनः सिवनी नगर के श्री राम मंदिर मे भगवान श्री राम के दर्शन व पूजन के साथ किया जाएगा। सायकल यात्रा के दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ग्रामों मे जनसंपर्क, जनचौपाल, विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे सहभागिता के साथ ही वर्ष 2013 से निर्मित व निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा रात्रि विश्राम भी ग्रामीण क्षेत्र मे करेंगे।

# आचार्य विद्यासागर के विचार अंतनकाल तक हमारा मार्गदर्शन करेंगे

सिवनी यशोः- जैन संत आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज संल्लेखना पूर्वक समाधि ले ली। इस तरह भारतीय चेतना का यह तेजस्वी सूर्य अपनी अनंत यात्रा के लिए प्रस्थान कर गया। आचार्य श्री का यह देहप्रयाण उनके अनंत भक्तों और अनुयायियों के लिए बडी क्षति है। जिला भाजपा द्वारा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से आचार्य श्री को अपने श्रीचरणों मे स्थान देने की प्रार्थना की गई है।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल द्वारा कहा गया कि, संत के रूप में पूज्यश्री का संपूर्ण जीवन ही दर्शन का सुदर्शन संदर्भ है। जिनके आचरण में ही जीवों के लिए करूणा पल्लवित होती हो, जिनके विचारों में प्राणी मात्र के कल्याण का शुभ संकल्प हो, जिनकी देशना में जन-मन के अंतःकरण की जागृति का संदेश हो, ऐसी दिव्यात्मा की भू-लोक से अनुपस्थिति अनंतकाल तक अंधेरे की उपस्थिति का अनुभव करवाएगी। महाराजश्री के विचार भारतीयता के प्रति अगाध निष्ठा, राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यपरायणता से भी ओतप्रोत रहे। इसीलिए, अनंत अवसरों पर अखंड रूप से इस विचार की आवृत्ति होती रही कि आचार्यश्री के विचारों को संकलित करना छोटी-सी अंजुली में सागर को भरने का असंभव प्रयास है।



श्री अग्रवाल द्वारा बताया गया कि दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान प्रधानमंत्री जी द्वारा भी अपना गहन दुख व्यक्त करते हुए इसे अपनी व्यक्तिगत क्षति निरूपित किया गया है। इसके साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा शोकसंदेश मे कहा गया कि, आचार्य श्री के विशाल व विराट व्यक्तित्व के अनेक पक्ष थे, तथा स पूर्ण भारतवर्ष उनकी कर्मस्थली थी। ज्ञान, करुणा व सद्भावना से परिपूर्ण उनकी शिक्षाएं सदैव समाज और संस्कृति के उत्कर्ष के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती रहेंगी। समाधिस्थ आचार्य श्री के चरणों में हम सभी का कोटिशः नमन है।




# दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए आलोक दुबे, नरेन्द्र मोदी से की भेंट

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के साथ भारत की छवि एक सक्षम और सशक्त राष्ट्र की उभरकर आई है। देश ने इस दौरान सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का एक अविरल सफर तय किया है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश ने पंच प्रण लेते हुए गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाई है। आज हर भारतवासी ने अपनी संस्कृति, अपनी विरासत पर गर्व करना सीखा है। भगवान राम लला पांच पीढ़ियों के बाद आखिरकार अपने दिव्य और भव्य महल में हैं। भगवान राम का हर भक्त खुश है,` योंकि भारत इस क्षण का लंबे समय से इंतजार कर




रहा था।

उक्ताशय की बात भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे द्वारा कही गई।भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि भाजपा के दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए इस दौरान उन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से भेंट करने का अवसर भी मिला।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दूबे द्वारा जानकारी दी गई कि, इस स मेलन में विकसित भारत, राम मंदिर का निर्माण,मोदी की गारंटी' का राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव में नेरंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल की उपलब्धियां और गारंटी, अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण, जी20 का सफल आयोजन, विधानसभा चुनाव और उपचुनाव में जीत, विकसित भारत संकल्प यात्रा, नरेंद्र मोदी सरकार में देश की महान सनातन संस्कृति का स मान, भारत रत्न और पद्मश्री स मान, नया संसद भवन, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता, कोविड प्रबंधन, अर्थव्यवस्था की उड़ान, किसान कल्याण, संदेशखाली में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना की निंदा, मेरा माटी-मेरा देश, हिमाचल में भीषण प्राकृतिक आपदा, इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स, जाति आधारित राजनीति बनाम हर वर्ग का कल्याण शामिल किया गया है।

श्री दुबे ने बताया कि, इस स मेलन में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आचार्य विद्यासागर जी का समाधि लेने पर उसे अपनी व्यक्तिगत क्षति निरुपित करते हुए कहा गया कि, आज मैं देशवासियों की तरफ से संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 पूज्य विद्यासागरजी महाराज को आदरपूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि देता हूं। उनके समाधिस्थ होने की सूचना मिलने के बाद अनुयायी और हम सभी शोक में हैं। मेरे लिए यह व्यक्तिगत क्षति जैसा है।

श्री दुबे ने कहा कि, जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, हमने उन्हें पूछा और पूजा।10 साल में जो हासिल किया, वो पड़ाव मात्र है। मंजिल तक पहुंचने का नया विश्वास है। अभी हमें देश के लिए, कोटि-कोटि भारतीयों का जीवन बदलने के लिए बहुत कुछ हासिल करने का संकल्प लेना है। बहुत से निर्णय अभी बाकी हैं। आज भाजपा युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान की शक्ति को विकसित भारत के निर्माण की शक्ति बना रही है।

श्री दुबे ने कहा कि, जो काम सदियों से लटके थे, उनका समाधान करने का साहस भाजपा ने दिखाया है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कर 5 सदियों का इंतजार खत्म किया। 500 साल बाद गुजरात में स्वर्ण पताका फहरी, 7 दशक बाद देश को 370 से मुक्ति मिली, 6 दशक बाद राजपथ कर्तव्य पथ बना, 4 दशक बाद वन रैंक-वन पेंशन मिली, 3 दशक बाद लोकसभा-विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण मिला। हमने तीन तलाक का कानून बनाया, नई संसद बनाई। श्री दुबे ने कहा कि इस अधिवेशन में हमें प्रधानमंत्री जी के साथ ही गृहमंत्री अमितशाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जो हमारे लिए प्रेरणादाई है एवं इससे कार्यकर्ताओं में एक नया उत्साह व नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इसके साथ ही हम सभी का संकल्प है कि अबकी बार 400 पार के संकल्प को हम लक्ष्य के रूप में हासिल करेंगे।

# समान नागरिक संहिता कानून, सुरक्षित और अनुशासित भारत की नींव रखेगा

**सामान नागरिक संहिता**
**आलोक बन्धु श्रीवास्तव –**




इन दिनों देश में समरूप विधिविधान के जरिये भविष्य के भारत को स्वर्णिम और अनुशासित बनाने के लिये समान नागरिक संहिता के लागू करने की चर्चा बडी जोर शोर से है, देश के हर नागरिक के लिये एक ही कानून हो ऐसा ध्येय वर्तमान सरकार का है। संविधान की भी यही मंशा हमेशा से रही है, और उसी अनुरूप भारत देश के अधिकतर पंथ, समाज, धर्म के अनुयायी और स प्रदाय के लोग भी यही मंशा रखते है कि समान नागरिक कानून की व्यवस्था देश में लागू हो जो किसी पंथ, जाति के सभी निजी कानूनों से ऊपर हो।

फिलहाल समान नागरिक संहिता भारत में नागरिकों के लिये एक समान कानून बनाने और लागू करने का एक प्रस्ताव भर है। भारत के संविधान में समान नागरिक संहिता की व्यवस्था होते हुये भी समान नागरिक संहिता लागू नहीं है बल्कि भारत में अधिकतर निजी कानून धर्म के आधार पर प्रचलित हैं और लागू हैं । हिन्दू, जैन, बौद्ध के लिये एक व्यक्तिगत कानून है वहीं मुसलमानों और इसाईयों के लिये भी अपने कानून हैं। इसी तरह अन्य धार्मिक समूदायों के कानून संविधान के आधार पर प्रचलित हैं।

भारत के संविधान का अनुच्छेद 44 भारतीय राज्य से अपेक्षा करता है कि वह राष्ट्रीय नीतियां बनाते समय सभी भारतीय नागरिकों के लिये राज्य के नीति निर्देशक तत्व और समान कानून को लागू करें।

भारत में अभी व्यक्तिगत कानून, सामाजिक कानून से प्रथक हैं। भारत के संविधान का अनुच्छेद 25-28 भारतीय नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है और धार्मिक समूहों को उनके धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने की अनुमति देता है। इस हेतु समान नागरिक संहिता एक सामाजिक मामलों से संबंधित कानून होता है जो सभी पंथ के लोगों के लिये विवाह, तलाक, भरण पोषण, विरासत व बच्चा गोद लेने आदि में समान रूप से लागू होता है । दूसरे शब्दों में, अलग-अलग पंथों के लिये अलग-अलग सिविल कानून न होना ही समान नागरिक संहिता की मूल भावना है।

हमारे देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अ बेडकर ने वर्षों पूर्व ही समान कानून पर अपना रूख स्थापित कर दिया था उन्होने कहा था कि - मैं व्यक्तिगत रूप से समझ नहीं पा रहा हूं कि किसी धर्म मजहब को यह विशाल, व्यापक क्षैत्राधिकार ` यों दिया जाना चाहिये। ऐसे में तो धर्म जीवन के प्रत्येक पक्ष पर हस्तक्षेप करेगा और विधायिका को उस क्षैत्र पर अतिक्रमण से रोकेगा। यह स्वतंत्रता हमें ` या करने के लिये मिली है हमारी सामाजिक व्यवस्था असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरी है । यह स्वतंत्रता हमें इसलिये मिली है कि हम इस सामाजिक व्यवस्था में जहां हमारे मौलिक अधिकारों के साथ विरोध है वहां वहां सुधार कर सकें।

प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने हाल ही में भोपाल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की एक आमसभा में जनमानस को संबोधित करते हुये देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की आवश्यकता पर जोर देते हुये देश के भविष्य के लिये आवश्यक बताया है।

इस दृष्टि से भारत के रहने वाले हर नागरिक के लिये एक समान कानून होना चाहिये चाहे वह किसी भी धर्म जाति का ` यों न हो । हर धर्म, जाति लिंग के लिये एक जैसा कानून, इस पर भारत के विधि आयोग ने भी धार्मिक संगठनों से और जनता से समान नागरिक संहिता को आमराय से लागू करने पर राय मांगी है।

दुनिया के अधिकतर देशों में धर्म और जाति के नाम पर प्रथक प्रथक कानून नहीं हैं, अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों में पूर्णतया समान नागरिक संहिता लागू है जहां बडी सं या में मुस्लिम व अन्य अल्पसं यक वर्गों के नागरिक निवास करते हैं इसी तरह अनेक प्रगतिशील मुस्लिम देशों जिसमें मिश्र, सीरिया, तुर्की, मोरक्को इंडोनेशिया व मलेशिया आदि में भी एक से अधिक पत्नि के मामले में, मौखिक तलाक तथा पुरुषों प्रधान उत्तराधिकार आदि के विषय में दमनकारी व विभेदकारी कानून खत्म कर दिये गये हैं या उदार, सहज और मानवीय बना दिये गये हैं इन देशों में समान नागरिक संहिता लागू कर हर एक के लिये समान कानून आवश्यक कर दिया गया है।

हमारे देश में भी 23 नवबर 1948 का दिन समान नागरिक संहिता के उदय का दिन था किन्तु इसे मूर्त रूप में लागू करने का प्रयास 70 वर्ष से अधिक समय से दफन ही रहा।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय समान नागरिक संहिता के लागू करने पर कई बार अपने मत रख चुका है -शाहबानों प्रकरण 1985 में स्पष्ट तौर कहा गया कि-यह बहुत दुखद है कि हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 एक मृत अक्षर बन कर रह गया है । यह प्रावधान करता है कि सरकार सभी नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता बनाये लेकिन इसे बनाने के लिये सरकारी स्तर पर प्रयास किये जाने का ठोस प्रमाण नहीं मिलता है।

इसी तरह सरला मुदगल केस 1995, जान बलबत्तम केस 2003, शायराबानों केस 2017, इन सभी प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेशित किया कि हम सरकार को निर्देशित करते है कि वह उचित विधान बनाने पर विचार करे उ मीद की जानी चाहिये कि इस्लामिक देशों में शरियत में हुये सुधारों को ध्यान में रखते हुये एक कानून बनाया जायेगा । जब विट्रिश सरकार भारतीय दण्ड संहिता के माध्यम से सबके लिये एक कानून लागू कर सकती है,तो भारत पीछे ` यों रहे।

भविष्य के भारत की विकासोन्मुख सुनहरे भविष्य के लिये समान नागरिक संहिता अतिमहत्वपूर्ण है, इसका विरोध करने वालों का मत है कि ये हिन्दू कानून थोपने के समान है कई मुस्लिम धर्मगुरू समान नागरिक संहिता लागू करने के पक्ष में नहीं आते, उनका विचार है कि हमारा देश बहुधर्म प्रधान है जिसमें प्रथक प्रथक मान्यताये, रीति रिवाज हैं उन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता, पर ये सीमित और संकुचित विचार है,` योंकि अलग-अलग पंथों के शादी विवाह कानून हैं जिसके कारण विवाह, जनसं या समेत कई विषयों में सामाजिक असंतुलन की स्थिति है विविधता भरे धर्म कानून के कारण देश की न्यायपालिका के लिये भी कार्य करना मुश्किल होता है, शादी, तलाक, गोद लेना जायदाद में हिस्सेदारी पर एक समान कानून महती आवश्यकता है , इसे लागू होने से देश की महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा। वर्तमान सरकार के देश के विकासोन्मुखी प्रयासों के बीच भविष्य के भारत को वसुधैव कुटु बकम की अवधारणा के अनुरूप सुरक्षित, अनुशासित, बनाये रखने के लिये आमराय से एक समरूप कानून, समान नागरिक संहिता का लागू करना सार्थक होगा।

# हिंसक आंदोलन को भारतीय किसान संघ का समर्थन नहीं




भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने एक वक्तव्य में कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों की उपज का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहा है. देश की सरकारों के साथ संवाद कर किसानों के पक्ष को मजबूती से रखता आया है. जहां संवाद से रास्ता नहीं निकलता है तो आंदोलन भी करता है.

19 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान गर्जना रैली के रूप में एक लाख किसानों का अनुशासित शांतिपूर्ण प्रदर्शन इसका उदाहरण है. देश भर से किसान दिल्ली में आये शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार से कही और बिना किसी को परेशान किए वापिस लौट गए.

उन्होंने कहा कि जब राजनीतिक मंशा के साथ कुछ लोग किसानों के कंधे का प्रयोग अपने राजनीतिक हित साधने के लिये करते हैं तो पीड़ा होती है. भारतीय किसान संघ का मानना है कि जब किसान के नाम पर राजनीतिक आंदोलन चलता है तो इसका नुकसान सिर्फ किसानों को होता है. विगत वर्षों में मंदसौर व दिल्ली में हुए आंदोलन इस बात के प्रमाण हैं. कहीं 6 तो कहीं आंकड़ा 600 तक भी पहुंचा है, जहां किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ी. उनके मुद्दे व मांगे जस की तस हैं. इसलिये भारतीय किसान संघ का आग्रह है कि किसानों के नाम पर राजनीतिक चुनावी पैंतराबाजी बंद होनी चाहिए.

किसान हित में लड़ने वाले संगठन लगातार किसानों की समस्या निवारण के लिये लड़ रहे हैं. सरकार किसी की भी हो सामंजस्य से किसानों की समस्याओं का समाधान निकाल भी रहे हैं. लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य किसान का हक है, वह उसे मिलना ही चाहिये. आज बीज व बाजार किसानों की प्रमुख समस्या है, मंडी के अंदर हो या बाहर किसान के साथ बीज व बाजार में शोषण बंद होना चाहिये.

मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा कि जब राजनीतिक मंशा से चुनाव के दौरान किसान के नाम पर आंदोलन होते हैं तो आंदोलन के दौरान होने वाली हिंसा, अराजक माहौल, राष्ट्र की संपति का नुकसान होने से समाज में किसान के प्रति नकारात्मक भाव जन्म लेता है. जिसका नुकसान अपनी बेहतरी के लिये संघर्षरत किसान को उठाना पड़ता है. इसलिये भारतीय किसान संघ हिंसक आंदोलन का समर्थन नहीं करता है.

हमारा आग्रह है कि जिन लोगों को अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी करनी है वो करें. लेकिन समाज में किसान के प्रति नकारात्मक भाव को पैदा न करें. हम पुनः दोहराते हैं कि लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य किसान का हक है वह किसान को मिलना चाहिये.

हमारी मांगें - 1. लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य किसान का अधिकार है., 2. कृषि आदानों पर जीएसटी समाप्त की जाए., 3. किसान स मान निधि में बढ़ोतरी की जाए., 4. जहर नहीं जैविक चाहिये, जीएम बीज की अनुमति नहीं दी जाए., 5. बीज किसान का अधिकार है., 6. घोषित समर्थन मूल्य से बाजार भाव नीचे न जाए. इसे सरकार सुनिश्चित करे.

# 'नॉटी बॉय', प्रक्षेपण से पहले मंदिर में हुई पूजा-अर्चना– इनसैट सीरिज की है ये तीसरी सैटेलाइट



ISRO के मौसम उपग्रह इनसैट-3 डीएस की 17 फरवरी 2024 को सफल लॉन्चिंग के लिए इसरो अध्यक्ष ने भगवान का आशीर्वाद लिया। इसरो चीफ एस सोमनाथ आज आँध्र प्रदेश के सुल्लुरपेट में श्री चेंगल मा मंदिर में पहुँचे और फिर उनकी एक वीडियो सामने आई जिसमें वह मंदिर के भीतर पूजा पूाठ कर रहे थे। इस रॉकेट को इसरो ने 'नॉटी बॉय' निकनेम दिया है।

बता दें कि 17 फरवरी 2024 शाम यानी आज 5–35 पर श्रीहरिकोटा के सतीष धवन स्पेस सेंटर से उपग्रह इनसैट-3 डीएस को जीएसएलवी एफ14 रॉकेट की मदद से पृथ्वी की भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

जीएसएलवी एफ14 का ये 16वाँ मिशन होगा। जीएसएलवी एफ14 महज 20 मिनट में सैटेलाइट को उसके लक्ष्य तक पहुँचा देगा। अब तक इस जीएसएलवी ने 15 सैटेलाइट को लॉन्च किया है जिसमें से केवल 4 ही विफल हुई है।

ये सैटेलाइट बताया जा रहा है कि ये समुद्र की सतह का बारीकी से अध्ययन करेगी, जिससे मौसम की सटीक जानकारी मिल सके और प्राकृतिक आपदाओं के बारे में भी ठीक से अनुमान लगाया जा सके। इनसैट-3डीएस के बारे में आई जानकारी के अनुसार, इसका वजन 2,274 किलो है और इसे ले जाने वाले रॉकेट की लंबाई 51.7 मीटर है। इस सैटेलाइट में रॉकेट इमेजर, पेलोड, साउंडर, डेटा रिले ट्रांसपोंडडर और सेटेलाइन एडेड सर्च एंड रेस्‍ यू ट्रांसपोंडर जा सकेगा।

इस सैटेलाइट की मिशन लाइफ 10 साल है। ये इनसैट सीरिज की 3 सैटेलाइट है। इस मिशन को मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंस द्वारा फंड किया गया था। इसरो का कहना है कि इनसैट-3डीएस वर्ष 2013 में लॉन्च किए गए मौसम उपग्रह इनसैट-3 डीएस का उन्नत रूप हैं। वहीं 1 जनवरी 2024 को पीएसएलवी-सी58/एस्पोसैट मिशन के सफल प्रक्षेरण के बाद इस साल इसरो का यह दूसरा मिशन होगा।

## पटवारी भर्ती परीक्षा-2022 का परिणाम जारी

भोपाल । प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव ने बताया है कि कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा पटवारी भर्ती परीक्षा-2022 का परिणाम अंतिम रूप से जारी कर दिया गया है। परिणाम कर्मचारी चयन मण्डल की वेबसाइट https://esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है। इस परीक्षा के संबंध में चयनित अ यर्थियों की काउंसलिंग अ यर्थी को आवंटित जिले में 24 फरवरी, 2024 को आयोजित की जायेगी। प्रमुख सचिव ने बताया है कि परीक्षा परिणाम के संबंध में अ यर्थियों को पृथक से एसएमएस/ई-मेल/सूचना-पत्र द्वारा भी सूचित किया जा रहा है। इसके लिये काउंसलिंग संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश एमपी ऑनलाइन के पोर्टल https://prc.mponline.gov.in पर उपलब्ध हैं। इस लिंक पर जाकर अ यर्थी अपना प्रोफाइल क्रियेट कर अपने दस्तावेज अपलोड करें। प्रमुख सचिव ने बताया है कि चयनित अ यर्थी अपने मूल दस्तावेज 2 स्व-प्रमाणित प्रतियों के साथ लेकर 24 फरवरी, 2024 को नियत समय पर आवंटित ज़िले में काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनुश्चित करें। यदि अ यर्थी निर्धारित काउंसलिंग दिनांक को उपस्थित नहीं होते है, तो उस पद को रिक्त माना जाकर अ यर्थी की उ मीदवारी निरस्त मानी जायेगी।

## पूज्य श्री विद्यासागर जी महाराज की यही अभिलाषा कि देश अपनी उदात्त शिक्षाओं और जीवनादर्शों को लेकर पुनः खड़ा हो



महान तीर्थंकरों की श्रेष्ठतम परंपराओं को अपने जीवन में साक्षात करने वाले जैन धर्म के महान आचार्य पूज्य श्री विद्यासागर जी महाराज का शरीर आज प्रातः डोंगरगढ़- राजनंदगांव (छत्तीसगढ़) में पूर्ण हो गया। पूज्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने 1968 में दिगंबरी दीक्षा ली थी और तब से आज तक वे निरंतर सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य, ब्रह्मचर्य की साधना करते हुए इन पंच महाव्रतों के देशव्यापी प्रचार हेतु समर्पित हो गए।

लोक कल्याण की भावना से अनुप्राणित होकर पूज्य आचार्य श्री महाराज ने अपने जीवन में सैकड़ों मुनियों एवं आर्यिकाओं को दीक्षा प्रदान की और लोकोपकारी कार्यों हेतु सदैव अपनी प्रेरणा और आशीर्वाद प्रदान किया। संपूर्ण भारतवर्ष में उन्होंने अनेक स्थानों पर गौशालाएं, शिक्षा संस्थान, हथकरघा केंद्र तथा भिन्न-भिन्न प्रकार की लोकमंगलकारी योजनाओं का शुभारंभ कराया। अनेक कारागारों में वहां रह रहे हजारों लोगों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन करने का अभूतपूर्व कार्य आपके आशीर्वाद से ही चल रहा है।

उनकी यही अभिलाषा थी कि यह देश अपनी उदात्त शिक्षाओं और जीवनादर्शों को लेकर पुनः खड़ा हो और वर्तमान समय में विश्व को नई दिशा प्रदान करे। उनका संपूर्ण जीवन इन आदर्शों के प्रति पूरी तरह समर्पित था। अंतिम श्वांस तक उन्होंने अपने कठोर साधनाव्रत का निर्वाह किया। लाखों लोग उन आदर्शों पर आज चल रहे हैं। उनके चले जाने का दुःख तो सभी को होना स्वाभाविक ही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ईश्वर से प्रार्थना करता है कि उनके द्वारा दिग्दर्शित इस मार्ग पर हम सभी लोग और अधिक दृढ़ता और समर्पित भाव से निरंतर आगे बढ़ते रहें तथा उन आदर्शों को तीव्र गति प्रदान करें। हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से उनके प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## अशोकनगर की नर्मदी दीदी बनी लखपति दीदी

भोपाल । स्व-सहायता समूह की दीदियों को लखपति बनाना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है। उनके इस संकल्प को राज्य सरकार की योजना की मदद से अशोकनगर जिले की ग्राम पिपरेसरा निवासी नर्मदी ओझा ने लखपति दीदी बनकर पूरा किया है। प्रदेश में संचालित स्व-सहायता समूह की अनेक महिलाएँ बेहतर कार्य कर लखपति दीदी के रूप में समाज में अपनी अलग पहचान बना रही है।


बहन नर्मदी ओझा बताती हैं कि उनके परिवार में 11 सदस्य हैं। परिवार के पास 10 एकड़ कृषि भूमि है। उनके परिवार की आय का जरिया केवल खेती थी। खेती भी बरसात पर आधारित थी। सिंचाई का साधन न होने के कारण खेती से पर्याप्त आमदनी नहीं हो पाती थी। इन दिक्कतों के बीच मुझे स्व-सहायता समूह के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद मेरे द्वारा 12 अन्य महिलाओं के साथ मिलकर एक समूह का गठन किया गया। समूह गठन के बाद मुझे सीआईएफ एवं आरएफ राशि प्राप्त हुई। इसके बाद आरसेटी के माध्यम से मुझे मु त सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। इसके बाद मुझे सिलाई से 5 हजार रूपये महीने की आमदनी प्राप्त होने लगी। मेरे द्वारा सीएफ राशि लेकर एक वाहन खरीदा गया। इसके बाद आमदनी प्रतिमाह 10 हजार रूपये तक हो गई।

दीदी नर्मदी बताती है कि 2 लाख 50 हजार रूपये की सीएफ राशि लेकर उन्होंने अशोकनगर में काँच-एल्युमीनियम की दुकान की शुरूआत की। आज मैं अपनी दुकान में 4 व्यक्तियों को रोजगार दे रही हूँ। दुकान से मुझे 30 से 35 हजार रूपये महीने का मुनाफा हो जाता है। आज मेरे पास 2 वाहन, एक काँच-एल्युमीनियम की दुकान और स्वयं सिलाई की मशीन का काम है। आज मेरी मासिक आय 45 से 50 हजार रूपये प्रतिमाह हो गई है। मेरे गाँव में 100 दीदियाँ है, जिन्होंने समाज में अपनी मेहनत के बलबूते पर लखपति दीदी के रूप में पहचान बना ली है। मैं सभी बहनों से कहती हूँ कि जब हमारे ऊपर राज्य सरकार का हाथ है, तो हमें मेहनत से पीछे नहीं हटना है। सभी को आगे बढ़ाना है और अपने देश को आत्म-निर्भर भारत की और बढ़ाना है।

# पद्म विभूषण और पद्मश्री कलाकारों की ओजस्वी प्रस्तुतियों से गुंजायमान होगा 50वां खजुराहो नृत्य समारोह

## खजुराहो में 20 फरवरी से शुरू होगा शास्त्रीय नृत्य समागम, 26 फरवरी को होगा समापन

**"कथक कुंभ" में 1500 से अधिक कलाकार बनायेंगे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड**




भोपाल। विश्ववि यात शास्त्रीय नृत्य उत्सव "खजुराहो नृत्य समारोह" का 50वां संस्करण पद्म विभूषण और पद्मश्री कलाकारों की ओजस्वी प्रस्तुतियों से गुंजायमान होगा। पद्मश्री रंजना गौहर की मनमोहक कथक प्रस्तुति के साथ 20 फरवरी को शुरू हुआ यह सफर 26 फरवरी को पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह के नाट्य कथा %मीरा% पर समाप्त होगा। विश्व धरोहर स्थल- खजुराहो मंदिर समूह में भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों पर केंद्रित यह देश का शीर्षस्थ समारोह है। सभी प्रमुख शास्त्रीय नृत्य शैलियों जैसे भरतनाट्यम, ओडीसी, कथक, मोहिनीअटेम में प्रसिद्ध और नामचीन कलाकार शास्त्रीय नृत्यों के समृद्ध सांस्कृतिक रूप को प्रस्तुत करेंगे। संस्कृति विभाग के अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत एवं कला अकादमी द्वारा पर्यटन विभाग, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद के संयुक्त प्रयासों से महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। स्वर्ण जयंती वर्ष को अविस्मरणीय बनाने के लिए आगंतुक भव्य समारोह में प्रत्येक कदम के साथ संस्कृति और दिव्यता की लय का अनुभव करेंगे।

समारोह के पहले दिन पद्मश्री रंजना गौहर और साथियों द्वारा ओडिसी समूह की मनमोहक प्रस्तुति के साथ समारोह की शुरुवात होगी। साथ ही दिल्ली की सुधाना शंकर के भरतनाट्यम नृत्य की ओजस्वी प्रस्तुति मंदिर की शिलाओं को सजीव कर उठेगी। दूसरे दिन शेंकी सिंह द्वारा कथक, पुणे की कलावर्धनी नृत्य कंपनी की सयाली काने द्वारा भरतनाट्यम समूह नृत्य, भुवनेश्वर की अरूपा गायत्री पांडा द्वारा ओडिसी और श्रीगणेश नृत्य कला मंदिर मुंबई की मनाली देव द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह का तीसरा दिन पद्म श्री पुरु दाधीच, हर्षिता धाधीच और समूह के कथक समूह नृत्य के नाम रहेगा। इसके साथ साक्षी शर्मा द्वारा कथक, दिल्ली की कस्तूरी पटनायक द्वारा ओडिसी समूह नृत्य, केरल के विद्या प्रदीप द्वारा मोहिनी-अट्टम की प्रस्तुति दी जाएगी।

समारोह के चौथे दिन 23 फरवरी को पद्मश्री नलिनी कमलिनी और समूह द्वारा कथक समूह नृत्य, मौमिता घोष वत्स द्वारा ओडिसी नृत्य, मार्गी मधु और समूह द्वारा कोच्चि कुडिअट्टम त्रयी, सुचित्रा हरमलाकर और साथी द्वारा कथक समूह नृत्य और रोशाली राजकुमार और समूह द्वारा मणिपुरी समूह नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। पांचवे दिन आराधना ओडिसी डांस फाउंडेशन के पंचानन भुआन द्वारा छाऊ ओडिसी समूह नृत्य, अमीरा पाटनकर और समूह द्वारा कथक नृत्य, राजश्री होल्ला और रेखा सतीश द्वारा कुचिपुड़ी युगल और अनु सिन्हा और समूह द्वारा कथक समूह नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

समारोह के छठवें दिन 25 फरवरी को पुणे के प्रेरणा देशपांडे द्वारा कथक, दिल्ली के पंडित राजेंद्र गंगानी द्वारा एकल कथक, बैंगलोर की नव्या नटराजन द्वारा भरतनाट्यम नृत्य और विधि नागर और साथियों द्वारा कथक समूह नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव का समापन पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह के निर्देशन में नाट्य कथा %मीरा% के साथ होगा। साथ ही राजश्री वरियार द्वारा भरतनाट्यम नृत्य, यास्मीन सिंह और समूह द्वारा कथक समूह नृत्य, कृपा फड़के और साथियों द्वारा मैसूर भरतनाट्यम समूह नृत्य और अनुराधा सिंह द्वारा कथक की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

नृत्य समारोह में महासमागम में शास्त्रीय नृत्य कला और संस्कृति पर आधारित विभिन्न गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। भारतीय नृत्य शैलियों और कलायात्रा को प्रदर्शित करने के लिए नेपथ्य सहित विभिन्न गतिविधियाँ, कलावार्ता - कलाकारों के बीच संवाद, हुनर - देशज ज्ञान और कला परंपरा का मेला, वरिष्ठ चित्रकार शंकर शिंदे के कला अवदान पर आधारित चित्र प्रदर्शनी प्रणति, समष्टि– टेराकोटा और सिरेमिक राष्ट्रीय प्रदर्शनी-कार्यशाला, वर्तनी– अंतर्राष्ट्रीय छापाकला, लयशाला– उत्सव के दौरान महान गुरुओं के साथ शिष्यों का संगम और कार्यशाला होगी।

समारोह के 50वें वर्ष को खास और यादगार बनाने के लिए ÷कथक कुंभ÷ का आयोजन किया जा रहा है। लगभग 1500 से अधिक कलाकार 1800 कथक नृत्य की समवेत प्रस्तुति के साथ नया ÷विश्व रिकॉर्ड÷ बनाएंगे। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण के रूप में स्काई डाइविंग फेस्टिवल का आयोजन 20 से 25 फरवरी तक किया जा रहा है। यहाँ साहसिक प्रेमी 10 हजार फीट की ऊंचाई से खजुराहो के पुरातात्विक उत्कृष्टता के विरासत प्रतीकों को निहार सकेंगे। साथ ही कैंपिंग, विलेज टूर, वॉक विद पारधी, ई-बाइक टूर, सेगवे टूर और वॉटर स्पोर्ट्स भी पर्यटकों को नया अनुभव देने के लिए तैयार होंगे।

## मु यमंत्री डॉ. यादव ने ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित रामभद्राचार्य जी और गुलजार जी को दी बधाई

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सर्वोच्च साहित्य स मान ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए स्वामी रामभद्राचार्य जी के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वामी रामभद्राचार्य को बधाई दी है। इसके साथ ही मु यमंत्री डॉ. यादव ने श्री गुलजार को भी बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि ज्ञानपीठ पुरस्कार–2023 के लिए जगदगुरू रामभद्राचार्य जी के साथ ही सिने निर्देशक और गीतकार गुलजार का चयन भी हुआ है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तुलसी पीठ, चित्रकूट के संस्थापक जगदगुरू रामभद्राचार्य जी की सैकड़ों कृतियां प्रकाशित हैं। संस्कृत सहित विभिन्न भाषाओं में उन्होंने साहित्य सृजन किया है। सिने निर्देशक, गीतकार गुलजार जी हिंदी और उर्दू में सतत सृजन करने वाले कलाकार होने के साथ ही कई विधाओं के विशेषज्ञ हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए दोनों विभूतियां सर्वथा सुयोग्य हैं और यह दोनों विभूतियों के मध्यप्रदेश से जुड़ाव के कारण प्रसन्नता का अवसर है।

## लखनादौन की विभिन्न पंचायतों में रोजगार मेले का आयोजन

सिवनी यशोः- जिला रोजगार अधिकारी सिवनी ने जानकरी देते हुए बताया कि कले टर श्री क्षितिज सिंघल मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 20 फरवरी से 28 फरवरी 24 तक विकास लखनादौन स्थित विभिन्न पंचायतों में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में वर्धमान यार्नस सतलापुर मंडीदीप जिला रायसेन द्वारा मशीन आपरेटर पद हेतु न्यूनतम 8 वीं पास से अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं / युवतियों का चयन किया जायेगा। उक्त संबंध में जानकारी के लिये भर्ती अधिकारी के मों नंबर 9753309959 पर संपर्क कर सकते हैं। जो नि नानुसार है- पंचायत भवन ग्राम नागरदेवरी में 20 फरवरी को, पंचायत भवन ग्राम गणेशगंज में 21 फरवरी, पंचायत भवन ग्राम सिहोरा में 22 फरवरी, पंचायत भवन ग्राम धूमा में 23 फरवरी, पंचायत भवन ग्राम आदेगांव में 26 फरवरी, पंचायत भवन ग्राम दरगड़ा में 27 एवं पंचायत भवन ग्राम शिकारा में 28 फरवरी 2024 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

## पशु चिकित्सा एवं मत्स्य विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रमों में नीट की प्रावीण्य सूची के आधार पर होगा प्रवेश

**नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा सूचना जारी**

भोपाल । मध्यप्रदेश शासन के नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के बैचलर ऑफ़ वेटरनरी साइंस एंडएनिमल हसबेंडरी तथा बैचलर ऑफ़ फिशरीज साइंस पाठ्यक्रम के राज्य कोटा की सीटों पर वर्ष 2024-25 से नीट(ह्श्वश्वञ्ज) की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश होगा। मध्य प्रदेश शासन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आदेश अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा सूचना जारी कर दी गई है। इन पाठ्यक्रमों के लिए आगामी 9 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https://e&ams.nta.ac.in/NEET पर किए जा सकते हैं। नीट प्रवेश परीक्षा 5 मई, 2024 रविवार को दोपहर 2ः00 बजे से अपराह्न 5ः20 तक होगी। प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी श्री गुलशन बामरा ने बताया कि नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत संचालित जबलपुर, महू एवं रीवा के पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालयों में बैचलर ऑफ़ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी पाठ्यक्रम की राज्य कोटा की 255 अर्थात 85त्न सीटों पर वर्ष 2024-25 से नीट की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

# कले टर की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक स पन्न



सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 19 फरवरी को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कले टर श्री सी एल चनाप, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कले टर श्री सिंघल द्वारा समय सीमा में दर्ज प्रकरणों के बारे में पूर्ण जानकारी न होने पर कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पर नाराजगी व्यक्त कर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह प्रसूति सहायता का लाभ दिलाने को लेकर सीमए हेल्पलाईन में दर्ज शिकायत का समय सीमा में कार्यवाही न करना पाए जाने पर मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कले टर श्री सिंघल ने जिले में जारी गैस ऐजेंसियों की जांच कार्यवाही के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर निर्देशित किया कि शहरी आबादी क्षेत्रों में कहीं पर भी निर्धारित मात्रा से अधिक गैस सिलेण्डर भण्डारित न हो, सभी गैस एजेंसियों में भी सुरक्षा संबंधी सभी संसाधन एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

कले टर श्री सिंघल ने बैठक में उपस्थित कृषि एवं अन्य संबंधी विभागीय अधिकारियों से फसलों की स्थिति की जानकारी लेकर आकस्मिक बारिश एवं ओला वृष्टि से हुई फसल नुकसानी सर्वे के सदर्भ में चर्चा की। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि ओला वृष्टि से प्रभावित हुए किसानों के राहत प्रकरण तैयार कर सभी को आरबीसी 6-4 के प्रावधानुसार राहत राशि का वितरण सुनिश्चित किया जाए। कले टर श्री सिंघल प्रधानमंत्री जन मन योजना एवं आदि आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जारी सर्वे कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर सभी सीईओ जनपदों को त्वरित रूप से सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के ऐसे सभी हितग्राही जिनके भुगतान किसी कारण से फैल हो गए हों, ऐसे प्रकरणों में त्रुटि को दूर करते हुए संबंधितों को लाभांवित करने के निर्देश दिए।

कले टर श्री सिंघल ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौंपे गए निर्वाचन कार्यों को लेकर निर्देशित किया कि, सभी निर्वाचन संबंधी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण किया जाए। सभी नोडल अधिकारी दायित्वों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की कले टर श्री सिंघल ने समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने सोमवार 19 फरवरी को जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं योजना अंतर्गत निर्माण कार्य कर ही एजेंसियों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन अंतर्गत स्कूलों, आंगनबाड़ियों में हुए नल कने शन सहित संचालित प्रगतिरत एवं पूर्ण हो चुके कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि आगामी ग्रीष्म ॠतु को ध्यान में रखते हुए कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रीष्म ॠतु में किसी ग्राम में पेयजल संबंधी समस्याएं न हो। इस कार्य योजना से सभी कार्य करें। कले टर श्री सिंघल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को ऐसे सभी अनुबंधकर्ता जिनके कार्य अपूर्ण तथा उनके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है, ऐसे कार्यों को संबंधित एजेंसी की परफॉर्मेंस गारंटी से कराने के निर्देश दिये हैं। कले टर श्री सिंघल द्वारा वीडियो कॉफेसिंग से जुडे सभी सी ई ओ जनपदों को निर्देशित किया कि नलजल योजनाओं के कने शन से अनाधिकृत रूप से मोटर द्वारा पानी लेने की शिकायतों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे सभी व्यक्तियों की मोटर जप्ती के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्यप्राणियों की गणना

**22 से 24 फरवरी तक प्रातः 7 से 10 बजे तक पर्यटकों का प्रवेश बंद**

भोपाल। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में 22, 23 एवं 24 फरवरी 2024 को स्वतंत्र विचरण करने वाले शाहाकारी वन्यप्राणियों की गणना प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक की जायेगी। संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान ने बताया कि 22 से 24 फरवरी तक प्रातः 7 से 10 बजे तक वन विहार में पर्यटकों का प्रवेश बंद रहेगा।

## दूरदर्शन केंद्र भोपाल के समाचार एकांश में होगा स्ट्रिंगर्स का एमपैनलमेंट

**इच्छुक उ मीदवार 5 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन**

भोपाल। दूरदर्शन केंद्र भोपाल के समाचार एकांश में समाचारों के संकलन के लिए स्ट्रिंगर्स का एमपैनलमेंट किया जा रहा है। दूरदर्शन केंद्र भोपाल प्रदेश के सभी जिलों में अपने स्ट्रिंगर्स रखने के लिए आवेदकों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है। आवेदक को अपने आवेदन पत्र में कस्बा एवं शहरों के नाम का उल्लेख करना है; जहां से वह दूरदर्शन के लिए काम करने के इच्छुक हैं। इस संबंध में और अधिक जानकारी प्रसार भारती की वेबसाइट Http/prasarbharti.gov.in/pbvacancies पर उपलब्ध है। आवेदन की अंतिम तिथि 5 मार्च 2024 है।

श्रीमती पूजा पी वर्धन, निदेशक समाचार एंव प्रमुख दूरदर्शन केंद्र भोपाल ने बताया है कि इच्छुक अ यर्थी प्रसार भारती की वेबसाइट के वैकेंसी से शन में जाकर स्ट्रिंगर एमपैनलमेंट से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। स्ट्रिंगर्स के नए एमपैनलमेंट के लिए पुराने पैनलबद्ध स्ट्रिंगर्स को भी आवेदन करना अनिवार्य है।

## कन्या महाविद्यालय सिवनी की छात्राओं को सायबर धोखाधड़ी से बचाव को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



सिवनी यशोः-नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में महाविद्यालय की संरिक्षका प्रो. अमिता पटेल के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. रुचिका यदु के नेतृत्व में महाविद्यालय में ÷साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा÷ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग के साइबर सेल निरीक्षक श्री ओमेश्वर ठाकरे, उप निरीक्षक श्री देवेंद्र जायसवाल एवं महिला सुरक्षा प्रभारी श्री प्रदीप वाल्मीकि द्वारा छात्राओं को इंटरनेट सुरक्षा एवं साइबर अपराध से अवगत कराया। उन्होंने आम साइबर खतरों पर छात्राओं से चर्चा की तथा विभिन्न प्रकार के फिशिंग अटैक, कार्ड धोखाधड़ी, केवाईसी घोटाला, ऑनलाइन जॉब स्कैम, वैवाहिक रोमांस, पहचान, धोखाधड़ी के बारे में बताया। उन्होंने ऑनलाइन सुरक्षित रहने के विभिन्न तरीके से छात्राओं को अवगत कराया। इसके साथ उन्होंने साइबर ठगी के प्रचलित तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से विश्वसनीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने, ईमेल आईडी सोशल मीडिया प्रोफाइल्स ई-वॉलेट्स, नेट बैंकिंग आदि के पासवर्ड मजबूत रखने, टू स्टेप वेरीफिकेशन, सोशल मीडिया पर प्राइवेसी सेटिंग के माध्यम से अपनी निजी जानकारियां छुपाना एवं प्रोफाइल लॉक रखना जैसे उपाय छात्राओं को बताएं। इसके साथ ही इले ट्रॉनिक गैजेट्स में खराबी आने पर विश्वसनीय व्यक्ति से ही अपने गजट रिपेयर करवाए अथवा पुराने इले ट्रॉनिक डिवाइस बेचने से पूर्व मेमोरी का डेटा साफ करना ना भूल, ऑनलाइन शॉपिंग के लिए मान्यता प्राप्त ई-कॉमर्स वेबसाइट का ही उपयोग करें। उन्होंने छात्राओं को सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, अपना एटीएम पासवर्ड किसी के साथ साझा न करने तथा अनजान नंबरों से आए वीडियो कॉल रिसीव न करने हेतु आवाहन किया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन चैट पर आपत्तिजनक तत्व कभी भी सझा ना करें, ना ही अपने मोबाइल कंप्यूटर पर ऐसे सामग्री निर्मित करें, सोशल मीडिया पर किसी भमित्र द्वारा मजबूरी बता कर पैसों की मांग करने पर तुरंत पैसा कभी भी जमा ना करें पहले विश्वसनीय माध्यम से पुष्टि कर ले, किसी भी अनजान लिंक पर lि लक ना करें, किसी भी ऑनलाइन मित्र से एकांत में मिलने ना जाए। उन्होंने बताया कि यदि छात्रा इस प्रकार की सावधानियां बरतेगी तो निश्चित रूप से वे अपने आप को तथा अपने परिवार को सुरक्षित रख पाएंगे। आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है, जिसके दुष प्रभावों के बारे में अभी कुछ बोलना जल्दबाजी होगा, परंतु हम सबको सुरक्षित रहने हेतु जागरूक रहना आवश्यक है। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं, हुए। कार्यशाला को सफल बनाने हेतु मोहमद राशिद, डॉ. डिंपल डहेरिया, श्रीमती समिता शर्मा, श्रीमती अनीता कुल्हाड़े एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविकाओं का विशेष योगदान रहा।

## बी.आर.सी.सी. के रिक्त पदों के लिए जिलास्तरीय काउंसलिंग समिति की बैठक 23 फरवरी को

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशों के परिपालन में जिले में विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पूर्व में आयोजित पात्रता वरियता सूची अनुसार बी.आर.सी.सी. के रिक्त पदों के विरूद्ध शुकवार 23 फरवरी दिन को अपरान्ह 12:00 बजे जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी में जिला स्तरीय काउंसलिंग समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो शिक्षक सर्वशिक्षा अभियान मिशन अंतर्गत प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर चुके हैं, उन्हें पुनः प्रतिनियुक्ति पर आने हेतु न्यूनतम दो वर्ष का ÷कूलिंग ऑफ पीरियड% होना अनिवार्य होगा। ऐसे अ यर्थी जिनकी सेवाएं पूर्व में अनियमित्ता के कारण वापिस की गई थी, वे प्रतिनियुक्ति हेतु पात्र नही होगे यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जो लोकसेवक प्रतिनियुक्ति पर न होकर प्रभारी / कार्यानुमति के रूप में स्थानीय स्तर से की गयी व्यवस्था के तहत् बी.आर.सी.सी. / ए.पी.सी. के रूप में कार्यरत रहे हैं, उनके लिए भी ÷कूलिंग आफ पीरियड÷ न्यूनतम 32 वर्ष का होना अनिवार्य होगा। संबंधितों को सूचना पृथक से दी जा रही है। अ यर्थी अपने मूल दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि में जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

# तार फेसिंग व गंदे पानी रोकने सांसद ने लिखा पत्र

## खेल मैदान में हो जाता है दलदल बन रहा है 100 सीटर के दो छात्रावास



सिवनी यशोः- शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के पीछे शाला की भूमि पर सौ सौ सीटर छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। इस भूमि में शेष भूमि पर क्षेत्र के आस पास रहने वाले रहवासी निस्तार का गंदा पानी बहाते है जिसको लेकर उक्त खेल मैदान भूमि का उपयोग संभव नहीं हो पा रहा है, जिसको लेकर प्राचार्य सुभाषचंद्र सिंह ने सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन से उक्त भूमि पर पानी रोके जाने तथा शाला भूमि पर तार फेसिंग किये जाने की मांग की थी, जिसका संज्ञान लेते हुए सांसद ने कले टर को पत्र लिखा है।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के पीछे खेल मैदान में लंबे समय से अतिक्रमण हो रहा था इसे हटवाने में विधायक दिनेश राय एवं जिला प्रशासन की अहम भूमिका रही इसके पश्चात यहां पर 100 सीटर छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है।

देखा गया कि अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण से रोकने के लिए बाऊड्रीबाल बनाई गई लेकिन आस पास रहने वाले लोगां के घरों का गंदा पानी खेल मैदान में जमा होता था जिसको रोकने के लिए प्राचार्य ने सांसद से अनुरोध किया था। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए सांसद ने कले टर को पत्र लिखा है।

सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने पत्र मे कहा है कि शाला की भूमि अतिक्रमण मुक्त किये जाने के बाद इस भूमि पर छात्रावास निर्माण का कार्य चल रहा है कैंपस के आधे भाग को बाउड्रीवाल से सुरक्षित किया गया है इसके बाद भी कैंपस खुला रह गया है।

जिस पर आने वाले समय में कब्जे की संभावना है इस बचे हुए शेष भाग में तार की फेसिंग कर इस सुरक्षित किया जा सकता है साथ ही यहां से गंदे पानी निकासी न होने से पूरे ग्राउंड में दलदल बन गया है अतः समस्या का समाधान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

## छपारा नगर के खैरमाई मंदिर में चल रही शिवपुराण में उमड़ रहा भक्तो का जनसैलाब





छपारा यशोः- नगर के पुराने बीटीआई कालोनी स्थित खैरमाई मंदिर प्रांगण में सेवा निवृत शिक्षक रामस्वरूप शिववेदी परिवार के द्वारा खैरमाई 16फरवरी से प्रारंभ शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य राम मूर्ति के द्वारा भगवान शिव की उपासना की विधियों एवं विभिन्न अभिषेक की पद्धतियों और उनके द्वारा प्राप्त होने वाले प्रतिफल का विश्लेषण बड़े ही विस्तार पूर्वक किया गया। शिव की भक्ति में लीन भक्तो ने ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण किया। कथा के तीसरे दिन बड़ी सं या में महिलाओं, पुरुषों एवं बुजुर्गो ने कथा शिव महिमा का आनंद उठाया। कथा के अंतिम सत्र में छपारा ब्राह्मण समाज के सदस्यों के द्वारा कथा व्यास महाराज का समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। महाराज श्री की ओर से भी ब्रा हण समाज के सदस्यों का अभिनंदन करते हुए प्रत्येक एकादशी के अवसर पर यानि इस क्रम में इस सप्ताह मंगलवार के दिन होने वाली मां बैनगंगा की महाआरती में स्वयं उपस्थित होने का आश्वासन तथा सभी उपस्थित श्रद्धालुओं से भी उपस्थित होने का आग्रह किया।

# वर्तमान के वर्धमान अनंत यात्रा पर.....

**- विष्णुदत्त शर्मा**





जैन संत आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात संल्लेखना पूर्वक समाधि (देह त्याग) ले ली। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चन्द्रगिरी तीर्थ से आध्यात्मिक चेतना का यह तेजस्वी सूर्य अपनी अनंत यात्रा के लिए प्रस्थान कर गया। संत के रूप में पूज्यश्री का संपूर्ण जीवन ही दर्शन का सुदर्शन संदर्भ है। जिनके आचरण में ही जीवों के लिए करूणा पल्लवित होती हो, जिनके विचारों में प्राणी मात्र के कल्याण का शुभ संकल्प हो, जिनकी देशना में जन-मन के अंतःकरण की जागृति का संदेश हो, ऐसी दिव्यात्मा की भू-लोक से अनुपस्थिति अनंतकाल तक अंधेरे की उपस्थिति का अनुभव करवाएगी। महाराजश्री के विचार भारतीयता के प्रति अगाध निष्ठा, राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यपरायणता से भी ओतप्रोत रहे। इसीलिए, अनंत अवसरों पर अखंड रूप से इस विचार की आवृत्ति होती रही कि आचार्यश्री के विचारों को संकलित करना छोटी-सी अंजुली में सागर को भरने का असंभव प्रयास है।

पूज्यश्री की सहज और प्रवाहमयी उपमाएं जन सामान्य को भी दुर्लभ विषय समझने में सरलता प्रदान करती हैं। सत्संग और सानिध्य के कालखंड में आचार्य श्री ने अनेक अवसरों पर स्पष्ट किया कि जैन धर्म दो शब्दों से बना है - जैन और धर्म। जैन से अभिप्राय 'जिन% के उपासक से है। ÷कर्मारातीन जयतीति जिनः÷ अर्थात जिसने काम, क्रोध, मोह आदि अपने विकारी भावों को जीत लिया है, वह ''जिन÷ कहलाता है। ÷जिनस्य उपासकः जैनः÷ अर्थात् 'जिन% के उपासक को जैन कहते हैं। जो व्यक्ति 'जिन% के द्वारा बताए मार्ग पर चलते हैं और उनकी आज्ञा को मानते हैं, वे जैन कहलाते हैं। ऐसे जैन के धर्म को जैन धर्म कहते हैं। यही जैन धर्म का भी शाब्दिक अर्थ है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी से भी आचार्यश्री का गहरा जुड़ाव रहा है। वर्ष 2016 में भोपाल की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री जी ने उनसे भेंट भी की थी। राष्ट्र धर्म और जन सेवा के पवित्र उद्देश्य की व्या या करने के लिए 28 जुलाई 2016 को पूज्यश्री ने मध्यप्रदेश विधानसभा में अपना प्रवचन भी दिया और गत वर्ष चंद्रगिरि तीर्थ पर ही आचार्यश्री का आशीर्वाद मा. प्रधानमंत्री जी को प्राप्त हुआ।

संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का जन्म 10 अे टूबर 1946 को कर्नाटक के बेलगाम जिले में हुआ। उनका बचपन का नाम विद्याधर था। इसके बाद उन्होंने दीक्षा राजस्थान में ली थी। उल्लेखनीय यह भी है कि महाराजश्री के शिष्य मुनि क्षेमसागर ने उनके ऊपर जीवनी भी लिखी। इसका अंग्रेजी अनुवाद ÷इन द क्वेस्ट ऑफ सेल्फ÷ के रूप में किया गया है। महाराजश्री शास्त्रीय (संस्कृत और प्राकृत) और कई आधुनिक भाषाओं, हिंदी, मराठी और कन्नड़ के विशेषज्ञ थे। वे हिंदी और संस्कृत के एक विपुल लेखक भी रहे हैं। कई शोधकर्ताओं ने स्नातकोत्तर और डॉ टरेट डिग्री के लिए उनके कार्यों का अध्ययन किया है।

विद्यासागर महाराज को आचार्य पद की दीक्षा आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज ने 22 नवंबर 1972 को अजमेर राजस्थान के नसीराबाद में दी थी। इसके बाद आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज ने आचार्य श्री के मार्गदर्शन में ही 1 जून 1973 को समाधि ली थी। ऐसा पहली बार हुआ था, जब एक गुरु ने पहले शिष्य को दीक्षित किया और फिर उन्हीं के मार्गदर्शन में समाधि ली। दिगंबर मुनि परंपरा के आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज देश के ऐसे अकेले आचार्य थे, जिन्होंने अब तक 505 मुनियों को दीक्षा दी।

जिन उपासना की और उन्मुख आचार्यश्री तो सांसारिक आडंबरो से विरक्त रहे । इस युग के तपस्वियों की परंपरा में आचार्यश्री अग्रगण्य थे। परमात्मा के उपदेशों पर चलने वाले इस पथिक का प्रत्येक क्षण जागरूक व आध्यात्मिकता से भरपूर रहा।

उनके विशाल व विराट व्यक्तित्व के अनेक पक्ष थे, तथा स पूर्ण भारतवर्ष उनकी कर्मस्थली थी।

ज्ञान, करुणा व सद्भावना से परिपूर्ण उनकी शिक्षाएं सदैव समाज और संस्कृति के उत्कर्ष के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती रहेंगी। समाधिस्थ आचार्य श्री के चरणों में मेरा कोटिशः नमन।

## दो दिवसीय अनूठा केला उत्सव बुरहानपुर में 20 फरवरी से

**केले की प्रजातियों की प्रदर्शनी होगी मु य आकर्षण**

**केला उत्पादन, प्र-संस्करण, निर्यात संभावनाओं पर होगी चर्चा**

भोपाल। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में अनूठा दो दिवसीय केला उत्सव मनाया जा रहा है। बुरहानपुर जिला प्रशासन के सहयोग से 20 एवं 21 फरवरी को देश के प्रसिद्ध केला वैज्ञानिक और केला उत्पादक किसान केला उत्पादन, निर्यात की संभावनाओं, केला उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि एवं से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श होगा। केले की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी मु य आकर्षण होगी। केले के प्लांटेशन, प्र-संस्करण, विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण, फसल बिक्री की व्यवस्था और भंडारण, केला निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। केला उत्पादन और रेशे से उपयोगी हस्तशिल्प कलाकृतियाँ निर्माण से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से भी चर्चा होगी।

बुरहानपुर मध्यप्रदेश का एकमात्र केला उत्पादक जिला है। केले को एक जिला-एक उत्पाद योजना में शामिल किया गया है और हाल ही में बुरहानपुर को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पुरस्कार मिला है। बुरहानपुर जिले में केले का क्षेत्रफल 23 हजार 650 हे टेयर है और 18 हजार से ज्यादा किसान केले की फसल ले रहे हैं। सालाना उत्पादन 16 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा होता है। केले की बिक्री का व्यापार सालाना 1700 करोड़ रूपये के करीब होता है। उत्पादन के क्षेत्र में इच्छुक निवेशकों को भी आमंत्रित किया गया है।

